परियोजना उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, जालोर
दूरभाष नं. 02973-224120 ई–मेल ddicdsjalore@gmail.com

392

क्रमांक : 1493 दिनांक 23/10/15

3(1)NPYAD/15
3/11

The Under Secretary
NPYAD Section
Ministry of Youth Affairs and Sports
Government of India
New Delhi

विषय : निरीक्षण रिपोर्ट के परीक्षण के सम्बंध में।

प्रसंग : आपका पत्रांक No.F.26-6/2014-NPYAD दिनांक 30.09.2015।

महोदय,

आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र (प्रति संलग्न) के द्वारा प्रेषित निरीक्षण रिपोर्ट के परीक्षण के क्रम में निवेदन है कि –

1. अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा 09.10.2015 को निरीक्षण रिपोर्ट के कॉलम संख्या 3 में अंकित स्थानीय पते वाले क्षेत्र में ज्योति विकास शिक्षण संस्थान का कार्यालय ढूंढने का प्रयास किया किन्तु कार्यालय नही मिला।
2. कॉलम संख्या 3 में अंकित सचिव के मोबाइल न. पर सम्पर्क किया जो स्वयं स्थानीय कार्यालय का लोकेशन नही बता पाये।
3. आपके द्वारा प्रेषित निरीक्षण रिपोर्ट में 22.12.2014 को एस.एल. शर्मा बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा निरीक्षण करना बताया गया है जबकि अक्टूबर 2014 से बाल विकास परियोजना अधिकारी जालोर का कार्यभार अद्योहस्ताक्षरकर्ता, सोमेश्वर देवड़ा के पास लगातार है।
4. यह ज्ञातव्य है कि श्री एस.एल. शर्मा पूर्व में इस विभाग में उपनिदेशक के पद पर कार्यरत थे जो कि दिनांक 28.02.2014 को सेवानिवृत हो चुके है।
5. निरीक्षण रिपोर्ट की बिन्दु संख्या 5.2 सही है जिसके अनुसार इस एन.जी.ओ. द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र जालोर का संचालन किया जा रहा है।
6. निरीक्षण रिपोर्ट के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रकरण में कुटरचित सरकारी सील के माध्यम से फर्जी हस्ताक्षर करके निरीक्षण रिपोर्ट भेजी गयी है। रिपोर्ट के अन्य तथ्यों के बारे में इस कार्यालय से कोई टिप्पणी नही है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

सोमेश्वर 23.10.15
(सोमेश्वर देवड़ा)
उपनिदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग
जालोर
दिनांक

क्रमांक :
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–
1. आयुक्त, महिला अधिकारिता राज. जयपुर।

उपनिदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग
जालोर

3/11

3/11/15